52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 20.9°c
अधिकतम 33.0 °c

**अमृतवाणी**

जिंदगी जब खूबसूरत लगती है, जब किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट हो, और उसकी वजह आप हों।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, जनता को गुमराह करने में जुटा था लेकिन कांग्रेस की सारी साज़िशें ध्वस्त हो गईं : मोदी



सूर्योदय : 6:17 सूर्यास्त : 5:55 | वर्ष : 52/ अंक : 281 | बृहस्पतिवार, 10 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

झूट हर बार चल नहीं सकता ... साजिशें ध्वस्त हो ही जाती हैं....

## श्रद्धांजलि



हमारी प्रेरणास्रोत

**स्व० डॉ. (श्रीमती) अलका मित्तल जी**

प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ

की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि

निर्वाण तिथि : **10 अक्टूबर, 2020**

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।।

''अर्थः- मनुष्य जैसे पुराने वस्त्रो को त्याग कर नये वस्त्र धारण करता है। ठीक उसी तरह पुराने शरीर को छोड़ कर नया शरीर धारण करता है। ''

अपनी विलक्षण प्रतिभा, अथक परिश्रम एवं साहस तथा कुशाग्रबुद्धि से अपने परिवार को गति देने वाली **डॉ. अलका मित्तल** की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनकी अमर स्मृति को श्र

**– श्रद्धायनत –**

सुखदेव मित्तल (एडवोकेट) (पति), वासुदेव मित्तल (पुत्र)
महेन्द्र मित्तल-श्रीमती मखमली देवी (ससुर व सास)
परिक्षित मित्तल (एडवोकेट)- श्रीमती अन्जु रानी (देवर-देवरानी)
संस्कृति मित्तल, आकृति मित्तल, आरोही मित्तल (भतीजी)









52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 281 बृहस्पतिवार, 10 अक्टूबर 2024 अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



## खतौली के शोहदों ने मेरठ जाकर महिला कांस्टेबल से की छेड़छाड़

**आरोपी साजिम, अजीम व सुहैल खतौली के नई बस्ती में रहकर मेरठ में बेचते थे कपड़ा**

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** योगी सरकार का खौफ शोहदों के दिलों से धीरे-धीरे कम होता दिख रहा है। या तो पुलिस की सख्ती कम हो चुकी है या सरकार की ताकत कमजोर पड़ गयी है। तभी तो आए दिन शोहदों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। खतौली के रहने वाले कपड़े का मामूली सा काम करने वाले साजिम, अजीम व सुहैल ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए मेरठ जाकर महिला कांस्टेबल से ही छेड़छाड़ कर डाली। मामला यहीं खत्म नहीं हुआ, मेरठ के हापुड़ रोड की इस घटना में महिला कांस्टेबल ने हौसला दिखाते हुए जब तीनों शोहदों का मुकाबला किया, तो उन्होंने कांस्टेबल की स्कूटी नीचे गिराई और उसके बाद बाकायदा हैड कांस्टेबल की वीडियो भी बनाई। स्कूटी से जमीन पर गिरी हैड कांस्टेबल की वीडियो बनाता देख वहां से गुजरती भीड़ ने आरोपियों को दबोच लिया, जिसके बाद आरोपियों का माकूल इलाज करके पुलिस को सौंप दिया गया। शर्मनाक बात यह रही कि पुलिस ने तीनों को अपनी हिरासत में लेने के बाद उन्हें छोड़ दिया। महिला कांस्टेबल को जब इस शर्मनाक हरकत का पता लगा तो उसने अफसरों से इस बात की शिकायत की और अपने पति को फोन के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी दी। उसके बाद अधिकारियों के आदेश पर बाइक नम्बर के आधार पर तीनों मनचलों को फिर से गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि उक्त हैड कांस्टेबिल नोएडा में तैनात है।

# बद से बदतर इंतजाम, शाम ढलते ही डेढ़ घण्टे का जाम

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** इस शहर में हर चीज के इंतजाम बद से बदतर दिखाई दे रहे हैं। बिना सलाह के अफसर बंद कमरे में योजनाएं बनाकर उसे जमीन पर उतार देते हैं और जनता इन इंतजामों से आए दिन जूझती दिखाई पड़ती है। नगर में जाम से निजात पाने के लिए बुधवार को सड़कों पर प्रशासनिक अधिकारियों ने एक ऐसी योजना उतारी जो डेढ़ घंटे में ही फेल होती दिखी। बिना किसी की सलाह के प्रशासन ने योजना बनाई और रुडकी रोड पर ऐलान करती हुई पहुंची कि अब यहां ई- रिक्शाएं नहीं चलेगी। इधर नावल्टी चौक पर रिक्शाएं रोक दी जाएंगी और दूसरी ओर मीनाक्षी चौक पर। ऐसे में जैसे ही ये योजना सड़कों पर उतरी तो कुछ ही मिनटों में पूरे अंसारी रोड, आर्यपुरी, मालवीय चौक, टाउन हॉल रोड, पुरानी घासमंडी से अस्पताल चौराहे तक जाम ही जाम दिखाई दिया और यह जाम कोई पन्द्रह बीस मिनट का नहीं बल्कि पूरे डेढ़ घंटे का था। आते जाते लोगों ने जमकर प्रशासनिक नीतियों को कोसा और सवाल खड़े किये कि ऐसी योजनाएं बनाता कौन है।





## नावल्टी और मीनाक्षी चौक से पैदल जाएंगे वृद्ध, बीमार और सामान ढोने वाले लोग

**मुजफ्फरनगर।** त्यौहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नगर को जाम से मुक्त करने की जो योजना बनाई है वह पूरी तरह फेल योजना है। ऐसे में आम आदमी प्रशासनिक अधिकारियों से सवाल करता है कि जब ई- रिक्शा नावल्टी चौराहे पर ही रुक जाएगी तो जब बाजारों में खरीदारी करने के लिए जाने वाली महिलाएं, बुजुर्ग किस तरह से भगत सिंह रोड, दाल मंडी, एसडी मार्किट आदि बाजारों में पहुंचेंगे और यदि किसी तरह ये लोग खरीदारी के लिए पहुंच भी गए तो वहां से जब सामान लेकर वापस लौटेंगे तो किसके सिर पर रखकर यह सामान वापस नावल्टी, मीनाक्षी चौक तक ले जाएंगे। ऐसा मूर्खताभरा कार्य पहले भी इस शहर में हुआ था, तब भी लोगों ने यही कहा था कि जरा शहर के किसी मौजिज परिवार की महिला को नावल्टी चौक से आलू मण्डी प्याज, आलू लेने के लिए भेजकर दिखाओ और दस किलो का सामान लेकर वह महिला किस तरह से वापस लौटेगी यह भी बताओ। ऐसे में योजनाएं बनाने वाले मात्र हंसी का पात्र बनते दिख रहे हैं। अवैध ई - रिक्शाओं पर लगाम लगाना और ई- रिक्शाओं को कलर लगाकर उनके रूट तय करने का काम तो हो नहीं पा रहा, बेतरतीब के काम जरूर शहर में हो रहे हैं। अगर कल भी प्रशासन ने यही किया तो खुद ही व्यापारी और आम आदमी सड़कों पर आकर इसका विरोध करते दिखाई देंगे, मगर समझदारी की बात यह है कि प्रशासन अपने इस बेतुके निर्णय को खुद ही सुधार ले तो बेहतर होगा।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास सील : आतिशी का सामान बाहर निकाला

**नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास 6 फ्लैग स्टाफ रोड को सील कर दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय की तरफ से इसे एलजी की तरफ से जबरन की गई कार्रवाई करार दिया है। साथ ही आरोप लगाया है कि यही नहीं दिल्ली सीएम आफिस ने आशंका कि इस आवास को भाजपा के किसी बड़े नेता को दिया जा सकता है। इस बीच एलजी सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल ने ना तो इस आवास को पीडब्ल्यू डी को सरेंडर किया और ना ही विभाग द्वारा इसे अभी तक अलाट किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया है कि भाजपा के इशारे पर एलजी ने जबरन सीएम आतिशी का सामान सीएम आवास से निकाला है। एलजी की तरफ से भाजपा के किसी बड़े नेता को सीएम आवास आवंटित करने की तैयारी चल रही है। 27 साल से दिल्ली में वनवास काट रही भाजपा अब सीएम आवास कब्जा करना चाहती है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना कि इस आवास का नक्शा पास नहीं हुआ था। कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं था। सचदेवा का यह भी आरोप है कि अरविंद केजरीवाल पिछले दरवाजे से मुख्यमंत्री आतिशी को आवास सौंपना चाहते थे। भाजपा इस पर लगातार सवाल उठाती रही है।

## पुलिस की मौजूदगी में ही भाजपा विधायक को पीटा

**पुलिस के सामने ही अधिवक्ता ने मारा थप्पड़, लात-घूंसे भी चले**

**लखीमपुर खीरी, 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चुनाव पर तनातनी और आरोप-प्रत्यारोप के बीच बुधवार को बैंक के प्रधान कार्यालय के पास भाजपा के ही दो गुट आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। सदर विधायक योगेश वर्मा को बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थकों ने पीट दिया। इसको लेकर मौके पर बवाल शुरू हो गया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और हालात को काबू में किया। लखीमपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक प्रबंध समिति के चुनाव की प्रक्रिया स्थगित किए जाने का पत्र मंगलवार को वायरल हुआ था। विधायक ने बैंक में चस्पा की गई मतदाताओं की अंतिम सूची और प्रत्याशियों के हाथ से कागज छीनकर फाड़ने का आरोप भी लगाया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने एडीएम से मिलकर निष्पक्ष चुनाव कराने की बात कही थी। एडीएम ने कहा था कि चुनाव स्थगित नहीं होगा, पूरी निष्पक्षता के साथ चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया बैंक के प्रधान कार्यालय में शुरू हुई। इसके कुछ ही देर बाद बवाल शुरू हो गया। इसी बीच भाजपा के सदर विधायक योगेश वर्मा और बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति व अधिवकता अवधेश सिंह का बैंक के प्रधान कार्यालय के पास ही डॉन बॉस्को कॉलेज वाली गली में आमना सामना हो गया। दोनों ने कुछ कहा और अचानक अवधेश सिंह ने सदर विधायक को थप्पड़ जड़ दिया।

## रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को

**नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2024 के नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के मुताबिक, इस साल यह सम्मान तीन लोगों को दिया गया। इस अवॉर्ड का आधा हिस्सा डेविड बेकर को कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा इसे संयुक्त रूप से डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर को प्रोटीन संरचना भविष्यवाणी के लिए दिया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को भौतिकी क्षेत्र के लिए अवॉर्ड का एलान किया गया था। जॉन जे. हॉपफील्ड और जेफ्री ई. हिंटन को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया गया था। इन्हें कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम करने वाली मूलभूत खोजों और आविष्कारों के लिए यह पुरस्कार देने का फैसला किया गया था।

## यूपीआई से लेनदेन की सीमा बढ़ी

**मुंबई , 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को यूपीआई 123पे के लिए प्रति लेनदेन की सीमा 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये और यूपीआई लाइट वॉलेट की सीमा को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने की घोषणा की। एमपीसी की बैठक के बाद दास ने कहा कि इस सीमा को बढ़ाने का प्रमुख उद्देश्य उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल भुगतान की उपयोगिता को बढ़ाना और छोटे लेनदेन के लिए यूपीआई लाइट वॉलेट का उपयोग करने वालों के लिए सुविधाओं का विस्तार है। बाजार के जानकारों का कहना है कि डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए रिजर्व बैंक ने यह घोषणा की है। भुगतान की सीमा बढ़ाने से कई अन्य तरह के बड़े भुगतानों को भी यूपीआई पर लाया जा सकेगा, कम भुगतान सीमा होने की वजह से नहीं किया जा सकता था। वजह से नहीं किया जा सकता था।

## खतौली की नागर कालोनी से पुलिस ने पकड़े दस पेटी अवैध पटाखे



**खतौली, 09 अक्टूबर (बु.)।** दीपावली पर्व को संज्ञान में लेते हुए चलाये गये अभियान के अन्तर्गत कोतवाली पुलिस ने नगर की नागर कालोनी स्थित एक मकान में छापामारी कर दस पेटी अवैध पटाखों सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व के आगमन को लेकर सीओ राम आशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के निर्देशन में बीती रात उप निरीक्षक विक्रान्त नागर, हर्षित शर्मा, सूर्यप्रताप सिंह सहित अनुज कुमार, विनीत कुमार, संदीप नागर, अंकित वर्धन, परमजीत सिंह, सोनू कुमार, पुलिस टीम द्वारा नगर की नागर कालोनी स्थित एक मकान पर छापामारी कर मकान से दस पेटी अवैध पटाखे बरामद किये। पुलिस द्वारा मकान से बरामद पटाखों के सम्बंध में कोई संतोषजनक लेखा जोखा प्रस्तुत करने पर पुलिस द्वारा मकान से आदित्य कुमार पुत्र दीपक को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ की गई है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व पर अवैध पटाखों को लेकर छापामार कार्यवाही लगातार जारी है। उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी और सीओ राम आशीष यादव द्वारा अवैध पटाखों के भण्डारण के लिए विख्यात कोतवाली क्षेत्र के गांव कैलावड़ा में अनेक आवासों पर छापामारी कार्यवाही की गई थी।

# मसूरी में बर्तन में थूक कर चाय पिलाते खतौली के दो युवक गिरफ्तार

**घिनौनी हरकत से लोगों में उबाल, हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन**

**मुजफ्फरनगर/मसूरी, 9 अक्टूबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर और वेस्ट यूपी से थूक का मामला मसूरी तक पहुंच गया है। पर्यटन स्थल पर बर्तन में थूक कर चाय बनाते मुजफ्फरनगर जिले के खतौली निवासी समुदाय विशेष के दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर आज हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया।

पुलिस को दी शिकायत में रायपुर निवासी हिमांशु विश्नोई ने कहा कि वह 29 सितंबर को सुबह मसूरी घूमने आया था। मसूरी लाइब्रेरी चौक (गांधी चौक) पर करीब सुबह 6.30 बजे एक रेड़ी पर दो लड़के पर्यटकों को चाय-मैगी, बंद-मक्खन नाश्ता बनाकर बेच रहे थे। हिमांशु का आरोप है कि इस बीच उसने देखा कि चाय बनाने वाला लड़का चाय बनाने के बर्तन में थूक रहा था। उसने थूकते हुए उसकी वीडियो भी बनाई। उसने जब युवक को टोका तो वह और उसका साथी गाली-गलौज करते हुए वहां से जाने को कहने लगे। जान से मारकर की धमकी देने लगे। जब फोन पे से चाय के पैसे का भुगतान किया तो उसमें उसका नाम हुसैन अली आया। आसपास के लोगों से नाम-पता पूछा तो एक का नाम नौशाद निवासी जमशेर कलोनी खतौली मुजफ्फरनगर और दूसरे का नाम हसन अली निवासी खतौली हाल निवासी गड्डी खाना



किताबघर मसूरी बताया गया। हिमांशु के मुताबिक उसने एसएसपी ऑफिस में शिकायत दी। शहर कोतवाल अरविंद कुमार चौधरी ने बताया मंगलवार को मसूरी आने पर दोनों युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आज दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### दून में थूक की रोटी वाला रेस्टोरेंट बंद कराया

**देहरादून। इनामुल्ला बिल्डिंग स्थित एक रेस्टोरेंट में रोटी बना रहे कारीगर की वीडियो वायरल हुए है। इसमें वह रोटी बनाते उसमें थूक लगाता दिख रहा था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने रेस्टोरेंट एहतियातन बंद करा दिया। कारीगर और मालिक से पूछताछ की गई। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मामले में जांच चल रही है।**

## अफसरों के बच्चे सरकारी स्कूल में पढें: चंद्रशेखर

**हरियाणा की हार का कारण बताया विपक्ष का बिखराव**

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि शिक्षा नीति ऐसी होनी चाहिए कि डीएम और एसडीएम जैसे अधिकारी और गरीब का बच्चा भी सरकारी स्कूल में पढ़ें। उन्होंने कहा कि जो चीनी मिल समय से भुगतान नहीं करेगी उस पर ताला लगा दिया जाएगा। गरीब को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने हरियाणा में हार का कारण विपक्ष का बिखराव बताया। मोरना में आयोजित सभा में चंद्रशेखर ने कहा कि अगर एकजुट होकर अपनी ताकत नहीं बनाओगे तो सड़कों पर नारे लगाते रह जाओगे। अगर नगीना में कोई कर्मचारी किसी गरीब के पैसे लूटने का काम करेगा तो उसको किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। गरीब, मजदूर और किसान की बिजली काट दी जाती है और बडे. व्यापारियों का बिल माफ होता है। पेपर लीक हो रहे हैं, युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। गरीबी और अमीरी की खाई पाटने के लिए निकम्मी सरकारों को उखाड़ना होगा।




हरियाणा में इसलिए हारे, क्योंकि हम वहां आपस में लड़ रहे थे। जाहिद नहीं, मुजाहिद बनकर काम करना है। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ने की फसल का पैसा मिल टाइम से नहीं दे रही हैं। जो मिल किसान का पैसा समय से नहीं देगी, उस मिल पर ताला लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएम, एसडीएम, सीओ, एसओ के बच्चे भी सरकारी स्कूल में पढ़ने चाहिए। किसान किसी दफ्तर में कागज लेकर भी खड़ा होगा, तो उसका काम होगा। गरीब के बच्चों को भी जो आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। कुटीर और लघु उद्योग शुरू होने चाहिए। महिलाओं को घर पर ही रोजगार मिले और युवाओं को नौकरी मिले।

## शिक्षक ने हनुमान जी को बताया मुसलमान, बवाल

**बेगूसराय, 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** जिले के बछवारा प्रखंड स्थित कद्राबाद हरिपुर मध्य विद्यालय में एक शिक्षक ने हनुमान जी और भगवान राम को लेकर विवादित बयान दे दिया। इसे लेकर इलाके में भारी हंगामा मच गया है। दरअसल, शिक्षक जियाउद्दीन ने सातवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाते हुए कहा कि हनुमान जी मुसलमान थे और भगवान राम ने उन्हें नमाज पढ़ने की शिक्षा दी थी। इस विवादास्पद बयान के बाद छात्रों ने यह बात अपने अभिभावकों को बताई, जिससे पूरे इलाके में नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, घटना कद्राबाद हरिपुर मध्य विद्यालय की है, जहां शिक्षक जियाउद्दीन ने अपने पाठ के दौरान कहा कि हनुमान जी जाति के मुसलमान थे और वे शुरू से ही नमाज पढ़ते थे। यह भी कहा गया कि भगवान राम ने हनुमान जी को नमाज पढ़ने के लिए प्रेरित किया था। यह सुनते ही छात्रों ने इस बात को अपने अभिभावकों के साथ साझा किया। अभिभावक इस बयान से आक्रोशित हो गए और विद्यालय में जाकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ने पर विद्यालय प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षकों ने भी अपनी नाराजगी जताई।

## शाहपुर क्षेत्र में रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो बच्चों समेत तीन घायल

**शाहपुर, 09 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सांझक व तावली के बीच रोडवेज बस की टक्कर लगने से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो बच्चों के अलावा एक व्यक्ति घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी प्रवीण अपनी भाभी करीब 30 वर्षीय पिंकी व दो बच्चों गणेश व कार्तिक के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से जा रहा था । जब वह गांव साँझक व तावली के बीच पहुंचा तो पीछे से आ रही एक रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार उछाल कर नीचे गिर पड़े तथा पिंकी का सिर सड़क पर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि अन्य बाइक सवार तीनों सड़क के सड़क के कच्चे पर जाकर गिरे वह भी घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने पिंकी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस में मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना के संबंध में मृतक के पति रामकुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है।



# खेत से मिले गौवंश के अवशेष

**खतौली, 09 अक्टूबर (बु.)।** गौरक्षक संस्था द्वारा नवीन मण्डी सब्जी स्थल के पीछे खेत में भारी मात्रा में गौवंश अवशेष होने की सूचना पर आनन फानन में पूलिस अधिकारी पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सब्जी मण्डी स्थल में मौजूद सब्जी विक्रेता राजू जब दिशा शौच हेतु सब्जी मण्डी स्थल के पीछे खेत में गया तो बताया जाता है कि गांव तिगाई के एक किसान के खेत में भारी संख्या में गौवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े हुए देखकर उसके होश ही उड़ गये। बताया जाता है कि सब्जी विक्रेता राजू द्वारा तत्काल इसकी जानकारी मण्डी के व्यापारियों सहित समाजसेवी संस्था एलआईसी एनिमल्स वैलफेयर संगठन के अध्यक्ष पुनीत अरोरा को दी गई। सूचना मिलने के बाद सीओ राम आशीष यादव, कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, वहीं वैलफेयर के अध्यक्ष पुनीत अरोरा अपनी चन्द्रपाल राजपूत, गौरी शंकर गौरी, युवराज शर्मा आदि के साथ तत्काल पहुंच गये। इस दौरान सब्जी मण्डी के पीछे ग्रामीण नरेश के खेत में लगभग एक दर्जन गौवंश के अवशेष मिले। पुलिस प्रशासन ने मामले में तत्काल जांच पड़ताल शुरू की। बताया जाता है कि इस दौरान निकटवर्ती लोगों ने बताया कि लगभग एक माह से यहां गौवंश के अवशेष मिलने का क्रम जारी बना हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं आसपास ही गौवंशों का वध किया जा रहा है। सीओ व कोतवाली प्रभारी ने खेत मिले अवशेषों को परीक्षण हेतु भिजवाते हुए अवशेषों को जमीन में दबवाया गया। दूसरी ओर एलआईसी एनिमल्स वैलफेयर संस्था के पदाधिकारियों का आरोप था कि बार शिकायत किये जाने के पश्चात नगर क्षेत्र में गौवंश वध करने का कार्य निरन्तर जारी बना हुआ है। जिसके कारण गौवंश की हत्या करने वालों के हौंसले बुलन्द हैं।



## राणा रोलिंग मिल पर जीएसटी का छापा

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** वाणिज्य कर विभाग की टीम ने आज मेरठ रोड स्थित राणा रोलिंग मिल पर छापे की कार्यवाही की। जीएसटी विभाग सूत्रों के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे यह कार्यवाही शुरू हुई। वाणिज्य कर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर ज्योति स्वरूप शुक्ला ने बताया कि देर रात तक अधिकारी व पूरी टीम उक्त फैक्ट्री में जांच पड़ताल में लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि जांच की कार्यवाही पूरी होने के बाद ही इस सम्बंध में कुछ बताया जा सकेगा। कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री में किसी को आने जाने नहीं दिया गया। टीम ने वहां स्टॉक के साथ लेखा विभाग के कागजात व कम्प्यूटर आदि भी चेक किये।

## गांधी कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी बदले

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने खतौली थाने के मंडी चौकी प्रभारी रामवीर सिंह को नई मंडी थाने में गांधी कॉलोनी चौकी का प्रभारी बनाया है। गांधी कॉलोनी पुलिस चौकी को लेकर तमाम शिकायतों के बाद यह कार्यवाही की गयी है।

## भाजपाइयों से पंगा लेने वाले एआरओ पर होगी कड़ी कार्रवाई

- मंत्री ने मामले को बताया गंभीर, दिया एआरओ पर कार्रवाई का भरोसा
- भाजपा नेताओं ने की खाद्य अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ के साथ पंगा लेने वाले एआरओ खाद्य विभाग अश्वनी कुमार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपाई अड़े हैं।

कल किसी बात को लेकर एआरओ कार्यालय में दोनों ओर से गुत्थम-गुत्था का माहौल बनने के बाद इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हुई। इसमें भाजपाइयों की जमकर किरकिरी होती दिखी, क्योंकि भाजपा के ही शासन में भाजपाइयों को आए दिन अधिकारी किसी न किसी रूप में बेइज्जत करते दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में गुरूवार को एआरओ ने पूरे घटनाक्रम को सुनियोजित बताया। उन्होंने कहा कि उक्त नेता मंत्री के आदमी हैं और धौंस देकर काम कराना चाहते थे। मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त हिदायत दी और कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनके मान सम्मान को आंच नहीं आने दी जाएगी। इस बीच पीड़ित पक्ष के साथ दूसरे भाजपा नेता भी इस बात पर अड़े हैं कि पार्टी के जिम्मेदार नेता के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले एआरओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि इस मामले में एआरओ के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति

**|| महागौरी ||**



श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

# अंडरपास में जलभराव को लेकर स्कूली बच्चों का अर्धनग्न होकर प्रदर्शन

**अंडरपास के बीच से कपड़े खराब करते हुए गुजर रहे बच्चों ने प्रशासन को किया शर्मसार**

**मुजफ्फरनगर, 9 अक्टूबर (बु.)।** खतौली में छोटे-छोटे बच्चों ने अर्धनग्न होकर आज शासन और प्रशासन को आइना दिखाने का काम किया। दर्जनों स्कूली बच्चों द्वारा बुआड़ा रोड स्थित अंडरपास की परेशानियों से अवगत कराते हुए खुद सफेद ड्रेस पहने बच्चे गन्दे पानी से स्कूल जाते दिखाई दिये और जब लोगों ने गंदे पानी के बीच से नन्हें बच्चों को जाते देखा तो उनके सारे हालात पूछे। मीडिया द्वारा पूछे गए इन प्रश्नों में नन्हें बच्चों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखते हुए बताया कि अगर स्कूल न पहुंचे तो मास्टर जी पीटते हैं और स्कूल जाएं तो किताबें और उनकी ड्रेस किस तरह से भीग जाती हैं, वे खुद ही देख लें। दरअसल खतौली में बुआड़ा मार्ग के पास इंजीनियरों द्वारा बनाया गया रेलवे अंडर पास ठीक न बनने के कारण बिना बारिश के भी जलमग्न रहता है और बुआड़ा रोड पर ही कई पब्लिक स्कूल जिनमें नवज्योति पब्लिक स्कूल, जवाहर पब्लिक स्कूल, विशाल एवं राज पब्लिक स्कूल मौजूद हैं। आज उन सभी के प्रधानाचार्य तहसील में एसडीएम मोनालिसा जोहरी को शिकायत पत्र देने के लिए पहुंचे और उक्त समस्या से अवगत कराया। इस पर एसडीएम ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्हें आए अभी एक माह भी नहीं हुआ है और वे इस मामले की परेशानी को देखते हुए उच्चाधिकारियों को अपना पत्र प्रेषित कर चुकी हैं, और जब जब यहां जलभराव की समस्या आती है तो विभागों को कहकर जलनिकासी कराई भी जाती है। उन्होंने स्वीकार किया उक्त अंडरपास में बिना बारिश के भी जलभराव रहता है। जल्द ही इस समस्या के निराकरण का आश्वासन एसडीएम मोनालिसा जौहरी द्वारा दिया गया।



## यति नरसिंहानंद पर टिप्पणी करने वाले का सिर्फ शांतिभंग में चालान

**चरथावल, 9 अक्टूबर (बु.)।** चरथावल क्षेत्र के गांव निरधना में मोइन नामक युवक द्वारा यति नरसिंहानंद पर पूर्व में दिये गए बयान पर विवादित टिप्पणी करने के बाद चरथावल पुलिस एक्शन मोड में आती दिखी और उक्त युवक की तलाश शुरू की, जिसके बाद बताया गया कि उक्त युवक ने अपनी टिप्पणी पर माफी मांग ली है। मगर क्षेत्र में इस बात को लेकर साफ चर्चा होती दिखी कि सिर्फ मांफी मांग लेने से क्या होता है, कानून के जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों के दायरे में जब यति नरसिंहानंद महाराज पर सरकार ने मुकदमा दर्ज कराया है और वहां भी कानून ने अपना काम बखूबी निभाया है तो चरथावल के उक्त युवक मोईन से किस तरह की रिश्तेदारी निभाई जा रही है। आक्रोश पनपने के बाद पुलिस ने मोईन पुत्र अनीस को हिरासत में लेकर उसमें भी खेल खेलते हुए मात्र शांति भंग में उसका चालान कर दिया। मगर चर्चाओं का बाजार अभी शान्त नहीं हुआ और आम आदमी पुलिस पर यही सवाल खड़े कर रहा है कि पुलिस की ऐसी कौन सी मजबूरी है जो पुलिस अपना काम बखूबी नहीं निभा रही है और लगातार उक्त युवक के पक्ष में काम करती दिख रही है। अब देखना यह होगा कि सिर्फ शांतिभंग में चालान होकर छूटे युवक पर कोई कार्यवाही होती है अथवा नहीं।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

